# I PUC MID-TERM EXAMINATION, OCT./NOV. - 2024

**SUBJECT : HINDI (03)**

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 80**

सूचना : 1. सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है ।
2. प्रश्नों की क्रमसंख्या लिखना अनिवार्य है ।
3. प्रश्न पत्र 'क', 'ख', 'ग', 'घ' इन चार खण्डों में विभाजित है ।
4. खण्ड 'क' के प्रश्न संख्या 1 से 16 तक के प्रश्नों का उत्तर जो पहली बार लिखा गया हो, उन्हीं उत्तरों का मूल्यांकन किया जाएगा ।

## खण्ड – 'क'

**I अ) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्पों को चुनकर लिखिए:** **10x1=10**

1) ठाकुर साहब के बड़े बेटे का नाम था –
i) लाल बिहारी सिंह ii) श्रीकंठ सिंह iii) भूपसिंह iv) बेनीमाधव सिंह

2) कमज़ोरी इसके समान है –
i) मृत्यु ii) स्वार्थ iii) दुःख iv) भय

3) लेखक के मन में इनके प्रति मैल नहीं रहा –
i) चाचा के प्रति ii) निन्दक मित्र के प्रति iii) अपने पिता के प्रति iv) अपने मित्र के प्रति

4) बिन्दा के पैरों पर तिल का तेल लगाया –
i) पंडिताइन चाची ने ii) महादेवी वर्मा ने iii) रुकिया ने iv) लेखिका की माँ ने

5) डॉ अंबेडकर के लिए पत्नी और बच्चों से भी अधिक मान्यता थी –
i) पुस्तकों की ii) माँ की iii) पीड़ित समाज की iv) पढ़ाई की

6) कबीर के गुरु थे –
i) बाबा नरहरिदास ii) गुरु रामानंद iii) श्री वल्लभाचार्य iv) केशवदास

7) कवि बच्चन के अनुसार दुनिया ऐसी है –
i) स्वार्थी ii) निस्वार्थी iii) ममतामय iv) चालाक

8) शराबी के हाथ में कितने रुपए थे?
i) एक रुपया ii) सौ रुपए iii) पाँच रुपए iv) दस रुपए

9) पाँच वर्ष में युवक की इतनी पत्नियाँ मर गईं –
i) एक ii) दो iii) तीन iv) चार

10) प्रभा का भाई वीरजी के घर पर यह देने आया –
i) कटोरी ii) थाल iii) रुमाल iv) चांदी का चम्मच

**आ. कोष्ठक में दिए गए उचित शब्दों से रिक्त स्थान भरिए :** **5x1=5**

**(ऐसी, शनिवार, संतान, गौरीपुर, हाथी, रविवार)**

11) इस दरवाज़े पर ............... झूमता था ।

12) ............. में रामलीला के वही जन्मदाता थे ।

13) सुन्दर ........... को कदाचित् उसके माता–पिता भी अधिक चाहते थे।

14) श्रीकंठ सिंह ........... को घर आया करते थे।

15) बड़े घर की बेटियाँ ............ ही होती हैं।

**इ) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए : 5x1= 5**

| | |
|---|---|
| 16) a) नाम कमाना | i) प्रेमपूर्वक स्वागत करना |
| b) मुँह फेरना | ii) भेद खुलना |
| c) नौ–दौ ग्यारह होना | iii) सम्मान प्राप्त करना |
| d) पोल खुलना | iv) उपेक्षा करना |
| e) पलके बिछाना | v) भाग जाना |
| | vi) बाधा डालना |

## खण्ड – 'ख'

**II अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2x3=6**

17) आनंदी ने अपने ससुराल में क्या रंग–ढंग देखा?

18) स्वदेश भक्ति के बारे में स्वामी विवेकानंद जी के क्या विचार हैं?

19) ईर्ष्या–द्वेष से प्रेरित निन्दकों की कैसी दशा होती है ?

20) पत्नी की मृत्यु का डॉ. अंबेडकर पर क्या प्रभाव पड़ा ?

21) महादेवी वर्मा को पंडिताइन चाची का कौन–सा रूप आकर्षित करता था ?

**आ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए : 2x3=6**

22) 'पर तुमने आजकल घर में यह क्या उपद्रव मचा रखा है ?

23) 'तुम नयी अम्मा को पुरानी अम्मा क्यों नहीं कहती, फिर वे न नयी रहेंगी और न डाँटेंगी।'

24) 'आ बेटा, तुझे कलेजे से लगा लूँ।'

25) 'ढोंगी बनने की अपेक्षा स्पष्ट रूप से नास्तिक बनना अच्छा है।'

**III अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखिए : 1x2=2**

26) मीराबाई ने जीवन की नश्वरता के संबंध में क्या कहा है ?

27) तुलसीदास के अनुसार संत के स्वभाव का वर्णण कीजिए।

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखिए : 2x2=4**

28) इलाहाबाद के पथ पर पत्थर तोड़नेवाली स्त्री का चित्रण कीजिए।

29) 'कुटिया में राजभवन' कविता का आशय संक्षेप में लिखिए।

30) कवयित्री ने जीवन के संबंध में क्या कहा है ?

31) बच्चन जी ने संसार और जीवन के संबंध में क्या कहा है ?

32) 'उल्लास' कविता का आशय संक्षेप में लिखिए।

**इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए :** **2x4= 8**

33) दुःख में सुमिरन सब करै, सुख में करै न कोय ।
जो सुख में सुमिरन करै, तो दुःख काहे होय ॥

**अथवा**

तुलसी काया खेत है, मनसा भयौ किसान ।
पाप पुण्य दोउ बीज हैं, बुवै सो लुनै निदान ॥

34) कहता है कौन कि भाग्य ठगा है मेरा ?
वह सुना हुआ भय दूर भगा है मेरा ।
कुछ करने में अब हाथ लगा है मेरा,
वन में ही तो गार्हस्थ्य जगा है मेरा ।

**अथवा**

अरि-दल की पहिचान कराने, नहीं घृणा आने पाई ।
नहीं अशान्ति हृदय तक अपनी, भीषणता लाने पाई ।

## खण्ड – 'ग'

**IV निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **3x3=9**

35) मधुआ का चरित्र चित्रण कीजिए ।
36) अंततः पहाड़ी ने तरस खाकर श्मशान से क्या कहा ?
37) समधियों के घर मंगलसेन की आवभगत कैसे हुई ?
38) शराबी के जीवन में मधुआ के आने के बाद क्या परिवर्तन आया ?
39) पहली पत्नी की मृत्यु पर युवक किस प्रकार विलाप करने लगा ?
40) समधी अंदर से थाल में क्या-क्या ले कर आए ?

## खण्ड – 'घ'

**V अ) वाक्य शुद्ध कीजिए :** **1x3=3**

41) i) हवा तेज़ बहने लगा ।
ii) श्याम काम किया ।
iii) आनंदी अपने नये घर में आया ।

**आ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए :** **1x3=3**

42) i) तीन सौ अध्यापक चुने जायेंगे । **(वर्तमानकाल में बदलिए)**
ii) अधिकांश यात्री पैदल चलते हैं । **(भविष्यत्काल में बदलिए)**
iii) गोपाल दूध का व्यापार करता है । **(भूतकाल में बदलिए)**

**इ) अन्य लिंग रूप लिखिए :** **1x2=2**

43) i) लेखक ii) बालिका

**ई) अन्य वचन रूप लिखिए :** **1x2=2**

44) i) सड़क ii) भाषाएँ

(P.T.O)

उ) **समानार्थक शब्द लिखिए :** **1x2=2**

45) i) वृक्ष ii) मनुष्य

ऊ) **विलोम शब्द लिखिए :** **1x2=2**

46) i) ज्ञात ii) पराजय

VI अ) **निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **1 x3= 3**

47) 'साँच बराबर तप नहीं' सुक्ति में सत्य की महत्ता को स्वीकारा गया है। सच के मार्ग पर चलना अपने आप में तप है। सच का मार्ग सदैव कँटीला होता है, कठिन होता है। तप करने की शक्ति रखनेवाला ही इस पर चल सकता है। तप वही कर सकता है, जिसका हृदय साफ, निष्पाप एवं एकाग्रत हो। सत्य मानव हृदय के गौरव का प्रतीक है। सच बोलने वाले के मुख पर एक अलग तरह का तेज रहता है, सोच रहती है। ऐसा व्यक्ति निडर होता है। सत्य अटल है। लाख झूठ भी उसके समक्ष टिक नहीं सकते। झूठ बुलबुले की भांति है जिसका अस्तित्व क्षणिक है। एक झूठ को छुपाने के लिए सौ झूठ बोलने पड़ते हैं।

प्रश्न :

i) सच के मार्ग पर चलना अपने आप में क्या है ?

ii) किस सुक्ति में सत्य की महत्ता को स्वीकारा गया है ?

iii) एक झूठ को छुपाने के लिए कितने झूठ बोलने पड़ते है ?

आ) **पत्र लेखन :** **1x4=4**

48) आप शीला शर्मा हैं। आपका छोटा भाई छात्रावास में रहता है। आपको ज्ञात हुआ है कि आपका भाई गलत संगति में पड़ गया है। भाई को नशीले पदार्थों से सावधान करते हुए एक पत्र लिखिए।

इ) **49) हिन्दी में अनुवाद कीजिए :** **1x4=4**

i) ಮನಸ್ಸಿದ್ದಲ್ಲಿ ಮಾರ್ಗವಿದೆ.
Where there is a will, there is a way.

ii) ಏಕತೆಯೇ ನಮ್ಮ ಶಕ್ತಿ.
Unity is our strength.

iii) ನನಗೆ ಒಂದು ಗ್ಲಾಸ್ ನೀರನ್ನು ಕೊಡಿ.
Give me a glass of water.

iv) ನಾವು ಭಾರತೀಯರು.
We are Indians.

*****